RAF SECTOR

NEWS CLIP

26/04/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Jagran (Prayagraj,UP)

बलिया व पटेल लॉज में छापा, 220 कमरों की तलाशी

पुलिस और आरएएफ ने खंगाले कमरे, रूट मार्च भी किया, छात्रों से पूछताछ, चेक की आइडी

कार्रवाई से मची अफरातफरी

जासं, प्रयागराज : इविवि के हॉस्टलों में अभियान के बाद अब पुलिस अफसरों ने शहर में संचालित लॉजों में छापेमारी शुरू कर दी है। गुरुवार की शाम पुलिस और आरएएफ ने अल्लापुर इलाके में स्थित बलिया लॉज और पटेल लॉज में छापेमारी अभियान चलाया। बलिया लॉज के 150 कमरों की तलाशी ली गई जबकि पटेल लॉज के 70 कमरों को पुलिस ने खंगाला। इन कमरों में असलहे और बारूद तो नहीं मिले लेकिन कई आपत्तिजनक वस्तुएं मिलीं। छात्रों को अधिकारियों ने चेतावनी देकर छोड़ा। पुलिस और आरएएफ ने पूरे क्षेत्र में रूट मार्च भी किया।

इविवि के पीसीबी हॉस्टल में रोहित शुक्ला की हत्या के बाद हाईकोर्ट के आदेश पर पुलिस लगातार हॉस्टलों और लाजों के खिलाफ अभियान चला रही है। हॉस्टलों में 574 कमरों को खाली कराने के बाद अब पुलिस ने प्राइवेट लॉज को लेकर सख्त रुख अपना लिया है। गुरुवार की शाम जार्जटाउन, कर्नलगंज, कैंट थानों की फोर्स ने आरएएफ के साथ अल्लापुर स्थित बलिया लॉज में छापेमारी की। इस लॉज के 150 कमरों में सैकड़ों छात्र रहते हैं। पुलिस ने छात्रों से पूछताछ के बाद कमरों की तलाशी शुरू की। एसपी सिटी बृजेश श्रीवास्तव के मुताबिक, कमरों में रहने वाले छात्रों की आइडी चेक की गई। रजिस्टर पर दर्ज नाम पते का मिलान किया गया। कुछ छात्रों के कमरों में शराब और बीयर की बोतल थी। उन्हें हटवाया गया। पटेल लॉज के 70 कमरों में भी तलाशी अभियान चलाया गया। यह भी चेक किया गया कि कोई कटिया मारकर हीटर न चलाए। लॉज चलाने वालों से जानकारी ली गई। लॉज में हर जगह सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया गया। दोनों लॉजों में रहने वाले छात्रों की डिटेल पुलिस ने अपने पास रख ली है। यदि अब कोई गड़बड़ी होती है तो लॉज मालिक पर भी कार्रवाई होगी। इसके बाद पुलिस टीमों ने अल्लापुर और आसपास के इलाकों में रूट मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया।

अल्लापुर में बलिया लॉज पर चेकिंग के दौरान रूट मार्च करते जवान।

होटल, लॉज और धर्मशाला में रहने वालों का ब्योरा रखें

जासं, प्रयागराज : अपर जिला मजिस्ट्रेट (नगर) अशोक कुमार कनौजिया ने होटल, लॉज और धर्मशाला के प्रोपराइटर, प्रबंधकों से कहा है कि वह अपने यहां ठहरने वालों का वैध पहचान पत्र अवश्य जमा कराएं। मोबाइल नंबर भी रखें ताकि जरूरत पड़ने पर उनसे बात की जा सके। विदेशी पर्यटकों के आगमन पर उनका पूरा ब्योरा रखें।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।